
# नए साल में व्यापार और उद्योगों को लगेंगे विकास के पंख

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** राजधानी में व्यापार और उद्यम के विकास ने रफ्तार पकड़ी है। व्यापारियों, उद्यमियों ने साल 2025 में इसमें और गति आने की उम्मीद जताई है।

वर्ष 2024 में एससीआर (राज्य राजधानी क्षेत्र) के गठन की मंजूरी मिली। इनमें सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ शामिल हैं। 2.8 करोड़ से ज्यादा की आबादी के लिए करीब 28 हजार वर्ग किमी के इस क्षेत्रफल में विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर का नया क्षेत्र तैयार होगा। इससे उद्यमियों व निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। साल 2025 में एससीआर की आधारशिला रखे जाने की उम्मीद है।

## एससीआर (राज्य राजधानी क्षेत्र) और माल रोड पर टेक्सटाइल पार्क की आधारशिला रखे जाने की उम्मीद




## उद्यमियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर व्यापारियों को सहालग और महाकुंभ से कारोबार बढ़ने की आस

जुलाई 2024 में कैबिनेट ने माल के अटारी में 1000 एकड़ जमीन पर 1680 करोड़ रुपये से टेक्सटाइल पार्क बनाने की मंजूरी दी।

पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क से 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश और एक लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इसी साल शिलान्यास होने की उम्मीद है।

- **औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाएं सुधरने की आस :** सितंबर में अधिसूचना के बाद औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का काम यूपीसीडा के जिम्मे आ गया है। नए साल में वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ यूपीसीडा इन क्षेत्रों में रखरखाव शुल्क वसूलने के साथ सुविधाएं विकसित करेगा। उम्मीद है कि उद्यमियों को सड़क, नाली के लिए दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

- **सर्विस सेक्टर, होटल का कारोबार चमकेगा :** प्रयागराज में महाकुंभ व आठ महीनों में 90 से ज्यादा सहालगों से शहर के व्यापारियों को बड़े कारोबार की उम्मीद है। महाकुंभ के चलते काफी पर्यटक लखनऊ का रुख करेंगे, जिससे यहां के सर्विस सेक्टर, होटल समेत स्थानीय व्यापार में 30 फीसदी से ज्यादा का उछाल आने की उम्मीद है। सहालग से बाजार में 40 फीसदी की बढ़ोतरी का अनुमान है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश चेयरमैन संजय गुप्ता का कहना है कि नए साल में यूपी में फ्लोटिंग मनी बढ़ेगा, जिससे क्रय क्षमता बढ़ेगी। जीएसटी विभाग जटिलताओं का सरलीकरण करने की दिशा में कदम उठाएगा।